राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(85)RSSB/अर्थना/कृषि वि./कृषि पर्य./भर्ती/2021 1108 दिनांक 21.09.2021

–: विज्ञप्तिः–

कृषि पर्यवेक्षक(Agriculture Supervisor) सीधी भर्ती परीक्षा–2021

बोर्ड द्वारा कृषि विभाग राजस्थान के लिये कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2021 हेतु दिनांक 05.02.2021 को विज्ञापन जारी किया गया था। तदोपरान्त विभाग द्वारा पदों में बढ़ोतरी कर संशोधित अर्थना भिजवाये जाने के कारण बोर्ड द्वारा कृषि पर्यवेक्षक के 2389 पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 26.08.2021 को संशोधित विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त पदों पर भर्ती हेतु बोर्ड द्वारा दिनांक 18.09.2021 को परीक्षा आयोजित करवाई गई है। इस भर्ती में आवेदकों के ऑनलाईन आवेदन में दिनांक 23.09.2021 से दिनांक 02.10.2021 23.59 बजे तक ऑनलाईन संशोधन हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में स्वयं का नाम माता पिता के नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में संशोधन नहीं कर सकेगा। इसके अतिरिक्त अन्य सूचनाओं यथा श्रेणी, विशेष श्रेणी, उप श्रेणी, जन्म तिथि, लिंग, विभागों की प्राथमिकता क्रम इत्यादि में निर्धारित रु. 300/– का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे। आवेदक के नाम, आवेदक के माता पिता के नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में त्रुटिपूर्ण सूचनाओं में संशोधन हेतु (चयन होने की स्थिति में) दस्तावेज सत्यापन के समय ही विचार किया जाएगा। उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र संशोधन हेतु स्वीकार नहीं किया जावेगा।

सचिव